न्यूज फ्लैश

तरुण तेजपाल को झटका सजा निलंबन से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली। तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में तेजपाल की सुनाई गई 10 साल की सजा को निलंबित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस प्रसन्न बी. वराले की पीठ ने तेजपाल की सजा निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। तेजपाल व गोवा सरकार की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि यह सजा निलंबित करने के पक्ष में नहीं है। एजेंसी



हाईकोर्ट, बीएसई व बच्चन के बंगले को बम की धमकी निकली फर्जी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), महालक्ष्मी रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के घर जलसा को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। पुलिस हाई अलर्ट मोड में आ गई। हालांकि, बाद में यह धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इन सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। लेकिन इन जगहों पर कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। एजेंसी

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यूजक्लिक प्रबीर से 4 सप्ताह में मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और उसके प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़े धनशोधन मामले को रद्द कर दिया गया था। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस पी मोहना की पीठ ने शुक्रवार को दोनों को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने ईडी की अपील पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे विश्वास नहीं पैदा होता। एजेंसी

पाकिस्तान : सड़क हादसे में 12 की मौत, 32 लोग घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक यात्री बस और ट्रक की टक्कर में एक पुलिसकर्मी और कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। पंजाब आपातकालीन और बचाव सेवा 1122 से शुक्रवार को मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा खुशपलिकर शहर लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पाकपट्टन के देपालपुर रोड पर हुआ। हादसा बस ड्राइवर के सिंगल-लेन सड़क पर खुद तेज रफ्तार गाड़ी चलाने की वजह से हुआ। एजेंसी

महाराष्ट्र : सुरक्षाबलों पर हमले की साजिश, विस्फोटक जब्त

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने माओवादियों की एक बड़ी साजिश नाकाम करते हुए जंगल से भारी मात्रा में विस्फोटक और स्नैपिंग स्नाइपी खरमद की है। पुलिस के मुताबिक, इन विस्फोटकों का इस्तेमाल सुरक्षा कर्मी पर हमले के लिए किया जाना था। कार्रवाई चार नवंबर को गश्ती के तख्ते जंगल में सूचना पर की गई। तलाशी के दौरान 11 प्रेशर कुकर, कटिंग्स तार के तीन बंडल, करीब तीन किलो बारूद और चार डेटोनेटर मिले। इसके अलावा 12 वोल्ट की बैटरी, 250 ग्राम पटाखे का बारूद, चार स्टील कंटेनर, तार के आठ बंडल जब्त किए गए। ब्यूरो

भगवंत मान को यात्रा के लिए वीजा देने पर विचार करेंगे : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। एए पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि यदि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान यहां आना चाहते हैं, तो वह उन्हें वीजा जारी करने पर विचार करेंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मज्जाद हैदर खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता के दौरान श्री के नेता की संभावित यात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। खान ने कहा, 'यदि वह (मान) देश की यात्रा करना चाहते हैं, तो पाकिस्तान सरकार उन्हें वीजा जारी करने पर विचार करेगी।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सरकार मान को पाकिस्तान जाने की अनुमति देती है या नहीं, यह 'पूरी तरह अलग मामला है।' मान ने 23 अक्टूबर को कहा था कि उन्हें 27 नवंबर को लाहौर में होने वाले विश्व पंजाबी सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।





महालक्ष्मी मंदिर में नोटों से बना कल्पतरु वृक्ष।

करोड़ों की नकदी और सोने चांदी के जेवरों से सजा महालक्ष्मी मंदिर

अनूठी आस्था : भक्तों की जमा दौलत से दमकता है माता का दरबार

रतलाम। धनतेरस के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश के रतलाम के मानक चौक स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर फूलों से नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषणों, हीरे-जवाहरात और विभिन्न देशों की करेंसी से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि करीब दो करोड़ से अधिक की भारतीय मुद्रा से माता के दरबार की सज्जा सजा की गई है। एजेंसी



धनतेरस के मौके पर शुक्रवार को रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में उमड़ी महिला श्रद्धालु। एजेंसी

कल्पवृक्ष ने मोहा...इस साल सजावट में नोटों का कल्पतरु वृक्ष भी बनाया गया है, जिसके नीचे गणेशजी विराजमान हैं। खास आकर्षण के केंद्र बने इस कल्पतरु वृक्ष को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं।

भक्तों की दौलत से सजता है माता का प्रांगण : दीपोत्सव के दौरान भक्त अपनी श्रद्धा से नकदी और गहने मंदिर में सजावट के लिए जमा करते हैं। आयोजन समाप्त होने और भाईदूज के बाद यह माल धन और आभूषण संबंधित श्रद्धालुओं को 'प्रसाद' (शगुन) के रूप में वापस लौटा दिए जाते हैं।

दुनिया को युद्ध पसंद नहीं, नेतन्याहू हटेंगे...ट्रंप की घेराबंदी में जुटे डेमोक्रेट

दो शक्तिशाली देशों के हाल में हुए चुनावों ने यह साबित कर दिया है कि लोगों को युद्ध पसंद नहीं है। ईरान युद्ध के कारण मध्यावधि चुनाव में ट्रंप की पार्टी की बुरी तरह हार हुई। उनके खिलाफ डेमोक्रेट्स अभियान छेड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इजराइल में भी युद्ध की लपटों ने नेतन्याहू को सत्ता से दूर कर दिया है।

इजराइल : सत्ता पर फैसला कल

तेल अवीव। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने कहा कि वह रविवार को यह घोषणा करेंगे कि नई सरकार बनाने की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी। यह फैसला विपक्ष के गादी आइजेनकोट को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की जगह लेने के लिए सही संख्या में समर्थन मिलने के बाद लिया गया है।

27 अक्टूबर के चुनाव के बाद, हर्जोग ने राजनीतिक दलों के सभ दूसरे दिन भी बातचीत की। इस चुनाव में न तो नेतन्याहू और न ही आइजेनकोट बहुमत के लिए जरूरी वोट हासिल कर पाए हैं। अब हर्जोग फैसला लेंगे, लेकिन परंपरा के अनुसार जनादेश उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसे संसद के ज्यादा सदस्यों का समर्थन प्राप्त हो। अरब दलों के 19 सदस्यों के आइजेनकोट को समर्थन करने के बाद उन्हें 67 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, जबकि 46 ने नेतन्याहू के पक्ष में राय दी, जबकि सात सदस्यों ने कोई विकल्प नहीं चुना।

अरब पार्टियों ने दिया आइजेनकोट को समर्थन : चुनाव में दो अरब पार्टियों ने रिकॉर्ड 19 सीटें जीती हैं। अगर आइजेनकोट का विपक्ष उनके साथ मिलकर काम करने का फैसला करता है तो वे किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं। दोनों अरब पार्टियों ने कहा कि वे आइजेनकोट का समर्थन कर रहे हैं। एजेंसी



राष्ट्रपति बोले-तय करेंगे कौन बनाएगा सरकार

हर्जोग ने मुस्कान को कहा, परामर्श के नाजिंके भले ही स्पष्ट लगें, लेकिन कानून के तहत मुझे यह तय करने का अधिकार है कि सरकार बनाने की क्षमता किसमें है। गुटों के बीच और खुद गुटों के भीतर एक-दूसरे के फैसलों को रोकने (वीटो करने) की स्थिति को देखते हुए, यह बात पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है।

दोनों दलों में भी चल रही गुटबाजी

आइजेनकोट के खेमे में शामिल एक और पार्टी दक्षिणपंथी इजराइल बेटेनू ने कई बार यह संकेत दिया है कि वह ऐसी किसी सरकार में शामिल नहीं होगी जो अरब पार्टियों के समर्थन पर टिकी हो। उधर, जुड़ाइज्म का नेतन्याहू को समर्थन से इंकार किया है।

अमेरिका : सत्ता शक्तिहीन, खींचतान

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव से कुछ महीनों पहले अपनी पार्टी के सांसदों से कहा था कि उन्हें जीत हासिल करनी ही होगी क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी नहीं जीती तो डेमोक्रेट्स महाभियोग के जरिये उन्हें पद से हटाने का कोई न कोई रास्ता तलाश लेंगे। अब मध्यावधि चुनाव में अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुत मिलने के बाद ऐसी अटकलें तेज हो गई हैं कि डेमोक्रेट्स ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। महाभियोग की चर्चाओं के बीच ट्रंप ने दो टूक कहा है कि अगर डेमोक्रेट्स ने उनके खिलाफ ऐसा कोई प्रस्ताव लाने की कोशिश की तो पार्टी बर्बाद हो जाएगी। डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप की एकतरफा नीतियों, टैरिफ फैसलों और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग का विकल्प खुला रखने और कड़ी जांच-पड़ताल करने के संकेत दिए हैं। डेमोक्रेट्स का मानना है कि संसद में बहुमत मिलने से उन्हें प्रशासन के कामकाज की गहराई से समीक्षा करने का मौका मिल गया है।

डेमोक्रेट्स कोई महाभियोग प्रस्ताव लाए तो उसे पिचले सदन में कार्यवाही चलाने और प्रस्ताव को पारित कराने के लिए साधारण बहुमत काफी है। सीनेट में दो-तिहाई बहुमत चाहिए जो अभी नहीं है। एजेंसी



ट्रंप कमजोर तो रूस-चीन बढ़ाएंगे दबाव : विशेषज्ञ

कूकिंग्स इंस्टीट्यूशन के विशेषज्ञ रॉबर्ट कैगन का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप को राजनीतिक स्थिति कमजोर होने पर रूस और चीन अगले दो साल में आक्रामक हो सकते हैं। कैगन के अनुसार, ईरान युद्ध ने अमेरिकी सैन्य ताकत की सीमाएं उजागर की हैं। अमेरिका के मिसाइल रक्षा प्रणालियों का भंडार तेजी से घटा है। इससे अमेरिका के पास कई वर्षों तक इन हथियारों की कमी रह सकती है। मध्य पूर्व में तीन विमानवाहक युद्धपोतों की तैनाती से एशिया में अमेरिकी नौसैनिक मौजूदगी कम हुई है। चीन इस स्थिति को अपने लिए मौके के तौर पर देख सकता है। वह क्षेत्र में ज्यादा आक्रामक रुख अपना सकता है।

20 मिनट में 42 राउंड फायरिंग, 3 बदमाश ढेर

पटना : पैक्स अध्यक्ष हत्याकांड में शामिल थे

पटना। बिहार के पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन संदिग्ध बदमाश मारे गए। मुठभेड़ के दौरान करीब 20 मिनट में दोनों तरफ से 42 राउंड फायरिंग हुई। एक गोली मनेर थानाध्यक्ष की वर्दी को छूते हुए निकल गई, जिससे वह मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि तीनों बदमाश पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार हत्याकांड में शामिल थे। हालांकि, परिजनों ने फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया। अस्पताल पर पुलिस और परिजनों के बीच हल्की झड़प और धक्कामुक्की हुआ।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 4.30 बजे सूचना मिली थी कि मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुर इलाके में अपराधिक इतिहास वाले कुछ लोग बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। सूचना पर पहुंची टीम पर बदमाशों ने 24 से अधिक चक्र अंधाधुंध गोलियां चलाईं।

पुलिस की ओर से आत्मरक्षा में की गई 18 चक्र जवाबी फायरिंग में तीन आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान दानापुर निवासी जयप्रकाश यादव और शाहपुर निवासी राजा कुमार व बबलू यादव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक तीनों पर संगीन मुकदमे दर्ज हैं। ब्यूरो

आपराधिक रिकॉर्ड



जेपी यादव
दानापुर, खगौल, फतुहा, राजीव नगर और मनेर थाने में कुल 11 मामले दर्ज हैं। 4 केस हत्या के, 2 हत्या के प्रयास और 7 अर्म्स एक्ट के केस हैं।



बबलू यादव
दानापुर और मनेर थाने में दो केस हैं। एक केस आर्म्स एक्ट का है।

राजा शर्मा
शाहपुर, नौबतपुर और मनेर थाने में तीन केस दर्ज हैं।

परिजनों ने पुलिस पर किया पथराव, हंगामा

तीनों के शव सुबह दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचने के बाद करीब 10 बजे हंगामा शुरू हो गया। परिजनों ने शवों को एंबुलेंस से उतरने व पोस्टमार्टम करने का विरोध किया। एंबुलेंस तोड़ दी और पुलिस पर पथराव हुआ।

जाति देखकर हो रहे एनकाउंटर : मीसा भारती...इसी बीच, राजद सांसद मीसा भारती अस्पताल पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि जाति देखकर एनकाउंटर हो रहे हैं।

20 दिन में पत्नी और उसके परिवार के 6 लोगों की हत्या, शव दूर फेंके


मृतकों में 7 साल का एक बच्चा शामिल, घर बुलाकर की हत्याएं

बंगलूरू। कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में पारिवारिक विवाद के चलते एक कैब चालक की ओर से अपनी पत्नी और उसके परिवार के छह सदस्यों की सुनियोजित तरीके से हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतकों में सात साल का एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पिछले 15 से 20 दिनों के भीतर इन हत्याओं को अंजाम दिया और शवों को राज्य के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी की पहचान इंदुशेखर उर्फ शेखर के रूप में की है। उसने राजाजीनगर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर पर सभी हत्याएं कीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शेखर ने सबसे पहले अपनी पत्नी सुनीता के सिर पर सिलबट्टे से वार कर उसकी जान ली और शव को नंदी हिल्स के पास फेंक दिया। इसके बाद उसने अगले दिन अपने दोनों साले शिवकुमार और शंकर को पार्टी के बहाने घर बुलाया और उनकी हत्या कर दी। बाद में उसने अपनी सास रुपावती, साले की पत्नियों दिव्या व नलिनी और 7 वर्षीय बच्चे पुनीत को भी मौत के घाट उतार दिया। एजेंसी


मृतकों के मोबाइल से खुद मैसेज कर बातचीत का करता रहा नाटक

वारदात के बाद आरोपी ने घर से खून के धब्बे हटाने के लिए केमिकल का इस्तेमाल किया। पड़ोसियों और रिश्तेदारों को शक न हो, इसलिए वह करता रहा कि सभी लोग भारत भ्रमण (अंतर हिंडया ट्रिप) पर गए हैं। वह मृतकों के मोबाइल फोन से खुद मैसेज भेजकर बातचीत करता रहा। इस दौरान उसने शवों को ठिकाने लगाने में अपनी 17-18 लाख रुपये की बचत भी खर्च कर दी।



सुप्रीम आदेश...सोमनाथ मंदिर के पास नहीं बिकेगा नॉन-वेज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने खूबसूरतियार को गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया जिसमें सोमनाथ मंदिर से 500 मीटर के दायरे में नॉन वेजिटेरियन भोजन बनाने, बेचने और रखने पर प्रतिबंध को जारी रखा गया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीवी वराले की पीठ ने रेस्तरां मालिकों की याचिका पर अंतरिम राहत देने से इंकार करते हुए हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि लंबित अपीलों का निपटारा अधिक से अधिक दो महीने के भीतर कर दिया जाए।



यह प्रतिबंध गिर सोमनाथ के जि ला मजिस्ट्रेट ने 10 अगस्त को गुजरात पुलिस अधिनियम के तहत जारी अधिसूचना के जरिये लगाया था। 30 अक्तूबर को हाईकोर्ट के एकल न्यायपीठ ने अधिसूचना को अनुच्छेद 19(1)(जी) का उल्लंघन बताते हुए रद्द कर दिया था। लेकिन उसी दिन खंडपीठ ने एकल न्यायपीठ के आदेश पर रोक लगा दी और दीपावली तथा गुजराती नववर्ष के दौरान भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए प्रतिबंध जारी रखने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया कि स्थायी प्रतिबंध लगाने का अधिकार नहीं है। एजेंसी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
कांकेर शाखा, मेन रोड, आमापारा, जिला-कांकेर (छ.ग.)-494334
फोन नं.:7587017531, ई-मेल:KANKER@bankofbaroda.bank.in

बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी-'परिशिष्ट- IV - ए (नियम 6(2) और 8(6) देखें)'

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी सूचना दी है। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित मुद्दिबंधक / गिरवी / बंधक चल / अचल संपत्तियाँ जो कि प्रतिभूति लेनदार के पास में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो है जहां है ", " जो है जैसी है " एवं " जो कुछ भी है " के आधार पर बेची गई हैं। कार्यवाही / जमानतदार्स / सिक्योरिटी एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है-

ई--नीलामी की तिथि एवं समय 26.11.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक

क्र.	ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण/ नाम एवं पता	चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं है.	कुल बकाया राशि	1.प्रारक्षित मूल्य 2.बयाना एवं 3.बोली राशि	कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक
01	मेसर्स मयंक ट्रेडर्स प्रोप स्व.श्री चांदीराम माखीजा अपने कानूनी उत्तराधिकारियों और जमानतदार्स के माध्यम से 1) श्रीमती यशोदा माखीजा पत्नी स्व. श्री चांदीराम माखीजा 2) श्री राकेश कुमार माखीजा पिता स्व. श्री चांदीराम माखीजा 3) श्रीमती सुमन माखीजा पति श्री राकेश कुमार माखीजा पता C/o मेसर्स मयंक ट्रेडर्स, श्री राम नगर, कांकेर - 494334, छत्तीसगढ़	1. सम्पत्ति बंधक परिसंपत्ति भूमि स्थित प्लाट नं. 1/15, शीट नं 02, ब्लॉकपत्र - 123 वर्ग मीटर, सिविल स्टेशन, म्यूनिसिपलपारा, वार्ड नं - 3, कांकेर , छ.ग. है जो श्री चांदीराम माखीजा पिता स्व. श्री टेकचंद माखीजा के नाम पर है. बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएं: उत्तर: विक्रेता का प्लाट,दक्षिण: विक्रेता का प्लाट, पूर्व: विक्रेता का प्लाट, पश्चिम : विक्रेता का प्लाट 2. सम्पत्ति बंधक परिसंपत्ति भूमि स्थित प्लाट नं. 1/14, शीट नं 02, ब्लॉकपत्र 123 वर्ग मीटर, सिविल स्टेशन, म्यूनिसिपलपारा, वार्ड नं - 3 , कांकेर , छ.ग. है जो श्री चांदीराम माखीजा पिता स्व. श्री टेकचंद माखीजा के नाम पर है. बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएं: उत्तर: विक्रेता का प्लाट,दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: विक्रेता का प्लाट, पश्चिम: विक्रेता का प्लाट 3. सम्पत्ति बंधक परिसंपत्ति प्लाट स्थित खसरा नं.19/20/3/5, पत्रक नं. 24, सेक्टर्स - 0.032 हेक्टेयर , श्रीराम नगर वार्ड , कांकेर, छत्तीसगढ़ में स्थित है जो श्री राकेश कुमार माखीजा पिता श्री चांदीराम माखीजा के नाम पर है. बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएं: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि,दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व : विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम : कंचन ठहरे का मकान. 4. सम्पत्ति बंधक परिसंपत्ति प्लाट स्थित खसरा नं 22/13, कांकेरीपारा, पत्रक नं - 24 , कांकेर , छ.ग. सेक्टर्स - 0.21 हेक्टेयर, (2260 वर्गफीट) जो श्रीमती सुमन माखीजा पति श्री राकेश कुमार माखीजा के नाम पर है. सीत डीड के अनुसार सीमाएं: उत्तर : सरोज वेसरा की संपत्ति , दक्षिण : मखीजा का मकान , पूर्व : निजी सड़क , पश्चिम: भंट प्रभाकर की संपत्ति.	रु 53,09,798.35 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु 7,85,000.00 रु 78,500.00 रु 10,000.00 रु 7,85,000.00 रु 78,500.00 रु 10,000.00 रु 19,50,000.00 रु 1,95,000.00 रु 10,000.00 रु 12,40,000.00 रु 1,24,000.00 रु 10,000.00	भौतिक कब्जा भौतिक कब्जा भौतिक कब्जा

संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 18.11.2026 दोपहर 1:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें.भारी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नंबर-7587017531, पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक:07.11.2026, स्थान: कांकेर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

राहुल मुस्लिम यूनिवर्सिटी की वकालत करेंगे, हम अवैध मदरसे हटाएंगे : शाह

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल गांधी की वोट चोरी यात्रा नहीं, घुसपैठिया यात्रा है। उन्होंने कहा कि यहां से राहुल तक अवाजा जानी चाहिए कि असली सरकार भी यहां भाजपा की ही बन रही है।

कांग्रेस ने राज्य को मनी अंडर सरकार इकॉनमी के भरोसे छोड़ा हुआ था, लेकिन हमने उद्योग आधारित धन सृजन करने वाली इकॉनमी स्थापित की। राहुल का खुला नेरेटिव जनता को पसंद नहीं आएगा। कहा, वे आएंगे तो मुस्लिम यूनिवर्सिटी की वकालत करेंगे और हम अवैध मजार, मदरसे हटाएंगे। शाह ने कहा कि राहुल के पर्यटन से कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे भाजपा के कार्यकर्ता, मेरी धामी सरकार यहां जनता के लिए हर समय खड़ी है। शाह ने राज्य के विकास से जुड़ी 1475 करोड़ रुपये की 62 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। ब्यूरो



विकसित भारत 2047 का पहला पड़ाव होगा उत्तराखंड

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का पहला पड़ाव उत्तराखंड होगा। शुक्रवार को छोटे छात्रों में आयोजित उत्तराखंड राज्योत्सव कार्यक्रम में शाह ने कहा कि देवभूमि में निकली समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की धारा अब देश के 15 राज्यों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने राज्य स्थापना की 26वें वर्षगांठ पर बधाई देते हुए राज्य गठन के लिए बलिदान देने वालों को याद भी किया। शाह ने यहां से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का भी आगाज कर दिया।

यहां सिर्फ वोट चोरी नहीं, सरकारी योजनाओं में हकमारी भी : राहुल

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अब सरकारी योजनाओं का लाभ वोटर आईडी से देने के केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के बयान पर सरकार को घेरा है। राहुल ने इसे वोट चोरी के साथ-साथ हक चोरी बताया है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर लिखा, मामला बहुत गहरी है, इसे धैर्य से समझिए।

मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण-एसआईआर के नाम पर करोड़ों नाम मतदाता सूचियों से काटे जा रहे हैं। इनमें ज्यादातर नाम उनके हैं जो भाजपा के खिलाफ आक्रोश में हैं। राहुल ने चेताया कि आज पंचायती राज की योजनाएं, कल राशन, पेंशन, मनरेगा, आवास, छात्रवृत्ति, आरक्षण, नाम काटा वोट, गया। वोट गया, हक गया और देखते ही देखते आप एक अपहृत लोकतंत्र के अदृश्य नागरिक बन जाएंगे। ब्यूरो

